**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**06 फ़रवरी 2025, समय 1810**

- विदेश मंत्री डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने कहा है कि कानूनों और नियमों का पालन करते हुए विदेश में प्रवास करना सामूहिक हित में है।

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रयागराज महाकुंभ में त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई।

- मुख्यमंत्री ने सिरसा जिले के गांव अबूबशहर में अनाज , किन्नू , फल एवं सब्जी की ख़रीद एवं बिक्री के लिए उप बाजार स्थापित करने को मंजूरी दी।

- हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा है कि पहली अप्रैल से प्रदेश का कोई भी विद्यालय अध्यापक के बगैर नहीं रहेगा।

- कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर हरियाणा राज्य विपणन बोर्ड के चार अधिकारियों को निलंबित करने के आदेश दिए।

*********************************************************************

विदेश मंत्री डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने कहा है कि कानून और नियमों का पालन करते हुए विदेश में प्रवास करना सामूहिक हित में है।

**उन्होंने कहा कि यदि किसी राष्ट्र के लोग दूसरे देशों में अवैध रूप से रहते हुए पाए जाते हैं, तो उनपर कार्रवाई करना ऐसे देशों का दायित्व है और यह अंतरराष्ट्रीय कानूनों में आम तौर पर स्वीकृत सिद्धांत भी है।**डॉ. जयशंकर ने अमेरिका से भारतीय नागरिकों को वापस भेजे जाने के मुद्दे पर राज्यसभा में अपना वक्तव्य देते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि निर्वाचन की प्रक्रिया कोई नई बात नहीं है और यह लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि साल 2009 में 734 लोगों को भारत भेजा गया था, जबकि 2024 में **एक हजार 368** और इस वर्ष 104 लोगों को भारत वापस पहुंचाया गया है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए अमरीकी अधिकारियों के संपर्क में है कि वापस भेजे जा रहे लोगों के साथ कोई दुर्व्यवहार न हो।

*********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती सुमन सैनी के साथ आज प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में पवित्र त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। इस अवसर पर उन्होंने विधिवत पूजा अर्चना की तथा अध्यात्म एवं सनातन परम्पराओं के विराट समागम का अवलोकन भी किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में कुंभ का एक विशेष महत्व माना गया है।

*****************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सिरसा जिले के गांव अबूबशहर में अनाज , किन्नू , फल एवं सब्जी की ख़रीद एवं बिक्री के लिए "उप बाजार केंद्र" स्थापित करने को मंजूरी दी है।एक सरकारी प्रवक्ता ने आज चंडीगढ़ में बताया कि इस से जहां किसानों को अपनी उपज का अच्छा भाव मिलेगा वहीं खरीद करने वाले व्यापारियों को भी एक जगह अच्छी किस्म के फल ,विशेषकर किन्नू मिलने से फायदा होगा। इस उप बाजार केंद्र से फल उत्पादक किसानों को आर्थिक लाभ होगा।प्रवक्ता के अनुसार अभी तक अबूबशहर में किन्नू वैक्सिंग तथा अनाज का खरीद केंद्र था और यहाँ पर आस -पास के किन्नू उत्पादक किसान अपनी किन्नू की उपज को वैक्स करवाने आते हैं। उन्होंने कहा कि अबूबशहर में इस उप बाजार केंद्र बनने के बाद लाइसेंस धारकों की संख्या बढ़ेगी और मंडी बोर्ड का राजस्व भी बढ़ेगा।उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 -24 में अबूबशहर के खरीद केंद्र से राज्य सरकार को फीस के रूप में एक करोड़ 37 लाख रूपये से अधिक की आमदनी हुई है।

*****************************************************************************

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा है कि पहली अप्रैल से प्रदेश का कोई भी विद्यालय अध्यापक के बगैर नहीं रहेगा।

श्री ढांडा आज जिला जींद मुख्यालय पर जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक के पश्चात पत्रकारों के सवालों के जवाब दे रहे थे। उन्होने बताया कि नई शिक्षा नीति से मेधावी छात्र शिक्षा ग्रहण करते ही आत्मनिर्भर बनेंगे और उन्हें अपने इतिहास की सही जानकारी मिलेगी।आज की बैठक बारे उन्होंने बताया कि बैठक में 12 मामलों का मौके पर ही निपटान किया गया और शेष शिकायतों को आगामी बैठक के लिए लंबित रखा गया है। शिक्षा मंत्री ने विपक्षी पार्टी द्वारा महिलाओं को 2100 रुपए खाते में जाने के चुनावी वायदे पर किए गए कटाक्ष का जवाब देते हुए कहा कि इसे आगामी विधानसभा सत्र में पूर्ण किया जाएगा।

*****************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हिसार स्थित "वीर्य प्रजनन केंद्र " में " वीर्य लिंग पृथक्करण प्रयोगशाला" स्थापित करने को मंजूरी प्रदान की है।एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि केंद्र सरकार के राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अंतर्गत हिसार में "राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड"के माध्यम से स्थापित होने वाली इस प्रयोगशाला के लिए 1863 लाख रुपए जारी किए गए हैं।उन्होंने बताया कि इस से प्रदेश में पशुओं की नस्ल सुधार में काफी लाभ होगा।

*************************************************************************

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के चार अधिकारियों को निलंबित करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने यमुनानगर जिला के क़स्बा सढौरा और रायपुर रानी की अनाज मंडियों के औचक निरीक्षण के दौरान यह कार्रवाई की। कृषि मंत्री ने जब साढौरा में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की हाजिरी की जांच की तो वहां पर तैनात मंडी सचिव धर्मेंद्र सिंह और नीलामी रिकॉर्डर बिजेंद्र सिंह ड्यूटी से अनुपस्थित मिले। इसके बाद उन्होंने रायपुर रानी अनाज मंडी का भी निरीक्षण किया, जहां मंडी सचिव नवदीप सिंह और नीलामी रिकॉर्डर राजकुमार भी अपनी ड्यूटी से गायब मिले। इसलिए यह कार्रवाई की गई।

************************************************************************

हरियाणा का सूरजकुंड 38वें अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले के आगाज के लिए पूरी तरह तैयार है।

मेल कल शुरू होगा और 23 फरवरी तक चलेगा। केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत कल सुबह 10 बजे मेले का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पर्यटन एवं विरासत मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा भी मौजूद रहेंगे। आज सभी अधिकारियों ने मेले की तैयारियों की समीक्षा की गई।हरियाणा पर्यटन निगम की प्रधान सचिव और सूरजकुंड मेला प्राधिकरण की उपाध्यक्ष श्रीमती कला रामचंद्रन ने बताया कि मेले में ओडिशा और मध्य प्रदेश थीम राज्य के तौर शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मेले में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहले से कहीं अधिक भागीदारी देखने को मिलेगी। मेले में 42 देशों के 648 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे।

*************************************************************************

भिवानी बस अड्डे से प्रयागराज में महाकुंभ के लिए आज पहली बस रवाना की गई। बस को भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ ने झंडी दिखाई । इन बसों का संचालन 26 फरवरी तक रोजाना किया जाएगा।

भिवानी रोड़वेज के महा प्रबंधक दीपक कुंडू ने बताया–

श्री कुंडू ने बताया कि लंबी दूरी को देखते हुए बस में कंडक्टर के अलावा दो चालक रहेंगे। बस का एक तरफ का किराया 1120 रुपये निर्धारित किया गया है।